**Wellcome संक्रामक रोग अभियान सलाहकार समूह**

## सार-संक्षेप

हम एक सलाहकार समूह में शामिल होने के लिए दुनिया भर से 10 जोशीले और सुविज्ञ अभियान-चालकों की तलाश कर रहे हैं जिससे Wellcome के संक्रामक रोग अभियान को अधिक प्रभावी, साम्यिक और अभिनव बन सकेगा।

## हम कौन हैं

Wellcome, 1936 में स्थापित एक वैश्विक धर्मार्थ फाउंडेशन है। अपने काम के माध्यम से हम सभी के सामने आने वाली तत्काल स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने के लिए विज्ञान का साथ देते हैं। हम जिज्ञासा-संचालित अनुसंधान को वित्तपोषित करते हैं, और हम मानवता के सामने उपस्थित तीन सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं - जलवायु परिवर्तन, संक्रामक रोग और मानसिक स्वास्थ्य।

हम नीति निर्माताओं के साथ भी काम करते हैं, पक्ष समर्थन अभियान चलाते हैं, और हर किसी को, हर जगह स्वास्थ्य विज्ञान की प्रगति से लाभ सुनिश्चित करने के लिए अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करते हैं।

Wellcome की अभियान टीम उन अभियानों पर काम करती है जो परिवर्तन और कार्रवाई संचालन के लिए समर्थन जुटा कर स्वास्थ्य चुनौतियों और खोज अनुसंधान पर Wellcome के उद्देश्यों को प्राप्त करने में बाधाओं को दूर करते हैं।

हमारा आधार £36 बिलियन के निवेश पोर्टफोलियो है, जिससे हम सभी के लिए स्वास्थ्य में सुधार पर हर वर्ष £1 बिलियन खर्च कर सकते हैं।

## हम संक्रामक रोग पर अभियान क्यों चला रहे हैं?

दुनिया संक्रामक रोगों के असर डालने से पहले उनके बढ़ने का इंतजार करती है। यह उनके जोखिम और प्रभाव को बढ़ाता है, हाशिए पर रहने वाले समुदायों को और कम संसाधनों के साथ जीवन यापन करने वाले लोगों को अनुपातहीन रूप से प्रभावित करता है।

Wellcome इस अंतिम लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है कि संक्रामक रोगों के परिणाम कम लोगों को भुगतने पड़ें। इसका अर्थ है कि उनके जोखिम और प्रभाव को कम करना।

जोखिम कम करने के लिए, बीमारियों के बढ़ने से पहले दुनिया को पहले कार्रवाई करने की जरूरत है। प्रभाव को कम करने के लिए, संक्रामक रोगों का पूर्वानुमान, निदान और कम करने की कार्रवाई प्रभावी और साम्यिक होनी चाहिए।

हम इसे संक्रामक रोगों के बारे में दुनिया की समझ को बढ़ाकर प्राप्त कर सकते हैं, उन्हें क्या बढ़ाता है और हम उनके प्रभाव को कैसे कम कर सकते हैं। लेकिन यह तभी कारगार होगा जब हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि वैश्विक समुदाय इस ज्ञान पर कार्य करने के लिए इच्छुक और सक्षम है। यही वह बिंदु है जहाँ एक अभियान मदद कर सकता है।

## हम किसे ढूंढ रहे हैं और वे क्या करेंगे?

Wellcome अगले 3 से 5 वर्षों में Wellcome के संक्रामक रोग अभियान के दृष्टिकोण को आकार देने और जानकारी देने के लिए तथा Wellcome की अभियान टीम द्वारा लिए गए निर्णयों पर वास्तविक प्रभाव जानने के लिए जोशीले और ऊर्जावान अभियान-चालकों के एक समूह की तलाश कर रहा है।

यह समूह Wellcome के संक्रामक रोग अभियान पर बाहरी समीक्षा, जांच और चुनौती प्रदान करने के लिए अपने विविध अनुभवों का उपयोग करेगा। हर महीने वे Wellcome के अभियान की प्रगति और कार्यान्वयन के सभी

पहलुओं पर फ़ीडबैक और इनपुट प्रदान करेंगे और इसे कैसे अधिक प्रभावशाली, साम्यिक और अभिनव बनाया जा सकता है। यह 2023 में दर्शकों के सहज ज्ञान के आधार पर अभियान के विचारों को परिष्कृत करने के साथ शुरू होगा ताकि 2024 में अभियान के शुभारंभ के लिए रचनात्मक सार-संक्षेप बताया जा सके।

## समूह कौन से कौशल और अनुभव लाएगा?

हम एक ऐसे समूह का निर्माण करना चाहते हैं, जिसके पास अपने काम के माध्यम से संक्रामक रोग में सफलतापूर्वक बदलाव लाने का अनुभव हो। यह जनता, सरकार, व्यवसाय, शिक्षा या अन्य हितधारकों के साथ काम करने के द्वारा हो सकता है। हम विशेष रूप से ऐसे लोगों की तलाश कर रहे हैं जो अपने स्वदेश/उस देश में, जहाँ कार्यरत हैं, संक्रामक रोग अभियान की समझ रखते हों जो Wellcome के अभियान को समग्र रूप से और विभिन्न बाज़ारों में अधिक सफल बनाने के बारे में रणनीतिक अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकें। इस अभियान-अनुभव में ये शामिल हो सकते हैं:

- सामुदायिक जुड़ाव और संघटन
- नीति विकास
- गठबंधन करना
- विषय-सामग्री रणनीति और विकास
- इवेंट्स मैनेजमेंट
- पक्ष-समर्थन और सरकारी संबंध

ब्राज़ील, भारत, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका या अमेरिका में प्रचार करने का अनुभव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

## भूमिका के लिए किस तरह का व्यक्ति उपयुक्त होगा?

अभियान के अनुभव के साथ-साथ हम ऐसे व्यक्तियों की भी तलाश कर रहे हैं जिनके पास:

- इस बारे में रचनात्मक विचार हों कि संक्रामक रोग अभियान को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है
- वैश्विक स्वास्थ्य को अधिक साम्यिक और विविध बनाने का जुनून है
- अपने देश के अभियान परिदृश्य की समझ हो और वे इस पर सलाह दे सकें कि उनके भौगोलिक क्षेत्रों में कारगार क्या रहेगा जिन पर हम काम कर सकें और अभियान के समय हमें किन सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों पर विचार करना चाहिए
- विविध स्किल सेट वाले अभियान-चालकों के विश्वस्तरीय प्रतिनिधित मंडल के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साह हो

## भूमिका कब शुरू होगी और कब तक चलेगी?

संक्रामक रोग अभियान सलाहकार समूह अगस्त 2023 में आयोजित किया जाएगा और फ़िलहाल इसकी कोई समाप्ति तिथि नहीं है। Wellcome दीर्घकालिक और प्रणालीगत मुद्दों से निपटने के लिए कम से कम 3-5 वर्षों के लिए दीर्घकालिक अभियान चलाना चाहता है। हम समझते हैं कि सदस्य अनिश्चित काल तक प्रतिबद्ध नहीं हो सकते हैं, और इसलिए हम ऐसे सदस्यों की तलाश कर रहे हैं जो कम से कम 1 वर्ष तक प्रतिबद्ध रहने में सक्षम हों। इसमें निम्नलिखित जैसे कार्यों के लिए प्रति माह 1 दिन (7 घंटे) का कार्य करना शामिल होगा:

- Wellcome टीम द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज़ों या संपत्तियों की समीक्षा करने का समय
- Wellcome टीम के साथ मासिक चेक इन और फ़ीडबैक मीटिंग

एक बार नियुक्त होने के बाद हम सलाहकार समूह के सदस्यों के साथ काम करने के सहमत तरीकों को विकसित करने के लिए काम करेंगे, जिसमें इनपुट जमा करना और प्राप्त करना, बैठकों का समय और फीडबैक चक्र शामिल है।

## सदस्यों का पारिश्रमिक कितना दिया जाएगा?

हम सलाहकार समूह के सदस्यों को इस काम के लिए £700 की प्रतिदिन की दर की पेशकश कर रहे हैं।